>

Title: Need to take measures for early completion of North Koel Reservoir and Dam Project in Palamu, Jharkhand.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): मेरा संसदीय क्षेत्र चतरा सर्वाधिक पिछड़े, गरीब, सूखाग्रस्त तथा अकाल पीड़ित क्षेत्रों में से एक है। पलामू तथा लातेहार जिलों के पॉकी, लेस्लीगंज, लातेहार, बालूमाथ तथा चंदवा प्रखंड तो और भी अधिक पीड़ित तथा प्रभावित है।

पलामू प्रमंडल में उत्तर कोयल जलाशय योजना के अंतर्गत मंडल में जलाशय एवं डैम 1972 से ही निर्माणाधीन है। इस योजना की स्वीकृति के समय संसद में एक प्रश्न के जवाब में 1972 में कहा गया था कि पलामू में मंडल डैम से 24 मेगावाट जल विद्युत की आपूर्ति तथा औरंगा एवं अमानत नदियों पर जलाशय का निर्माण कराकर लगभग 1,20,000 हैक्टेयर भूमि में सिंचाई की व्यवस्था होगी, जो आज तक पूरी नहीं हुई।

मैं भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय से मांग करता हूं कि जलाशय व डैम का कार्य स्वीकृत कर पूरा कराए जिससे चतरा के सर्वाधिक पिछड़े पॉकी, मनिका, लेस्लीगंज, बालूमाथ, लातेहार, बरवाडीह मनिका आदि प्रखंडों की जनता को गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी से मुक्ति दिलाने के लिए पर्याप्त पेयजल, सिंचाई एवं उद्योगों को जलापूर्ति हो सके।